# University in News on 04 April 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि को मिले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के 10 प्रोजेक्ट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बाजी मारी है। विवि के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के 10 प्रस्ताव शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। इन प्रस्तावों पर काम करने के लिए लगभग 32 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। विवि को इसकी सूचना दी गई है। जल्द ही विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करा दी जाएगी। इन प्रस्तावों के तहत विवि विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य करेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 4

### लविवि में डिप्टी रजिस्ट्रार, प्रफेसर, क्लर्क भी संक्रमित

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विवि में डिप्टी रजिस्ट्रार, दर्शन विभाग के एक प्रफेसर और एक वरिष्ठ क्लर्क भी कोरोना संक्रमित मिले हैं। इस तरह यहां कुल 12 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं तो कोरोना से एक पूर्व शिक्षक की मौत भी हो चुकी है। वहीं, कैंपस में शुक्रवार को 94 लोगों के सैंपल लिए गए थे, जिनकी रिपोर्ट रविवार को आएगी। इस बीच कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार राय ने संक्रमितों के संपर्क में आए सभी लोगों से कोराना जांच करवाने की अपील की है।



## JAGRAN CITY PAGE III

### लविवि : नौ विभागों को मिला सेंटर आफ एक्सीलेंस रिसर्च प्रोजेक्ट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय नए शैक्षिक सत्र में अलग-अलग विषयों में कुछ नए शोध करेगा। इसके लिए शासन ने सेंटर आफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालय के नौ विभागों में 10 रिसर्च प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। संयुक्त सचिव योगेंद्र दत्त त्रिपाठी ने कुलसचिव को प्रोजेक्ट की सूची भेजते हुए इन प्रोजेक्ट में कुल 32 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। जल्द ही विभाग रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे।

दरअसल, हर साल शासन सेंटर आफ एक्सीलेंस योजना के तहत रिसर्च के लिए विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव मांगता है। इस बार भी विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में प्रस्ताव भेजे गए थे। प्रस्तावों का परीक्षण एक्सपर्ट पैनल से कराया गया। उनकी संस्तुतियों पर लविवि के 10 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। आदेश में कहा गया है कि इस योजना से संबंधित कार्यों के लिए किसी भी दशा में कोई भी नियुक्ति नहीं की जाएगी। न ही काई डिप्लोमा या प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले स्वीकृत धनराशि का अनुमोदन कुलपति से लेना होगा।

**प्रोजेक्ट, जिन पर होगा शोध :** सेंटर आफ एक्सीलेंस में कई प्रमुख प्रोजेक्ट पर शोध होगा। इनमें सिंचाई जल प्रबंधन के लिए सांख्यिकी मॉडल, यूपी में कृषि विकास के स्रोत और किसानों की आय बढ़ाने की कार्ययोजना, गोमती नदी में भारी धातुओं की निगरानी जैसे कई विषय शामिल हैं।

**इन विभागों को मिली मंजूरी**

| विभाग | कोआर्डिनेटर | धनराशि |
|---|---|---|
| भौतिक विज्ञान | डा. आरके शुक्ला | दो लाख रुपये |
| अंग्रेजी | डा. ओंकार नाथ उपाध्याय | दो लाख रुपये |
| अर्थशास्त्र | डा. संजीव कुमार | तीन लाख रुपये |
| अर्थशास्त्र | डा. करुणा शंकर कनौजिया | दो लाख रुपये |
| संस्कृत | डा. प्रयाग नारायण मिश्रा | तीन लाख रुपये |
| विधि | प्रो. राकेश कुमार सिंह | तीन लाख रुपये |
| सांख्यिकी | डा. अशोक कुमार | तीन लाख रुपये |
| वनस्पति विज्ञान | प्रो. पूर्णिमा वाजपेयी | पांच लाख रुपये |
| जंतु विज्ञान विभाग | प्रो. एसपी त्रिवेदी | पांच लाख रुपये |
| एंथ्रोपोलाजी | डा. केया पांडेय | तीन लाख रुपये |

शासन ने सेंटर आफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालय में 10 प्रोजेक्ट मंजूर किए हैं। आदेश आ गए हैं। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डा. विनोद कुमार सिंह,** कुलसचिव, लविवि



## TOI PAGE 2

### Forms for mgmt courses at LU to be online from Apr 15

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The application forms for Lucknow University Associated Colleges Management Admission Test (LUACMAT) are likely to be available from April 15.

Around 15 colleges are expected to admit students through LUACMAT, a common entrance test for admission to professional courses in Lucknow University-affiliated colleges. Like every year, LUACMAT will be conducted by National PG College, the only autonomous college of the university.

"A meeting to finalise the colleges which will admit students through LUACMAT will be held on Tuesday. The online application window is likely to open by April 15," said admission coordinator Prof Rakesh Jain. The test is likely to be in June.

Around 2,300 seats of professional courses like BBA, BBA (management science), BBA (tourism), BCom (Hons), BCA, Bachelor of journalism and mass communication, BVoc (software & e-governance) and BVoc (banking & finance) offered by LU-affiliated colleges will be filled through the entrance test.